जनपद शामली पुलिस

--सोशल मीडिया सेल शामली--

प्रेस विज्ञप्ति **दिनांक 20.08.2024**

थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा 01 चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किये गये 02 मोबाईल बरामदः-

आज दिनांक 20.08.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध वाहन/व्यक्ति की चैकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा 01 चोर को चोरी किये गये 02 मोबाईल सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

ज्ञात हो दिनाँक 16/17.08.2024 की रात्रि को श्री राजू पुत्र हरपाल निवासी मौहल्ला पंसारियान थाना कोतवाली शामली जनपद शामली व श्री मोनू पुत्र रणधीर सिंह निवासी मौहल्ला पंसारियान थाना कोतवाली शामली जनपद शामली के घर से अभियुक्त द्वारा मोबाईल चोरी कर लिये गये थे। घटना के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किये गये थे।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-

1.श्यामू पुत्र प्रेम सिह निवासी मौहल्ला पंसारियान थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

बरामदगी का विवरणः-

1.चोरी किया गया मोबाईल वीवो कम्पनी।

2.चोरी किया गया मोबाईल टेक्नो कम्पनी।

<u>थाना बाबरी पुलिस द्वारा वांछित/वारण्टी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 01 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तारः-</u>

आज दिनांक 20.08.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना बाबरी पुलिस द्वारा वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 01 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के संबंध में थाना बाबरी पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

<u>नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-</u>

1.वाजिद पुत्र जुम्मा निवासी ग्राम कुड़ाना थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

<u>SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI</u>